an>

Title: Need to conduct new train services from Bhavnagar to Haridwar.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने पालीथाना से बृांदा की वीकली ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन एक ट्रिप लगाकर भावनगर आकर पांच दिन तक रुकी रहती है, इसका कोई यूज़ नहीं है। हिन्दू धर्म का हरिद्वार एक पवित्र तीर्थ स्थान है, हजारों की संख्या में लोग वहां यात्रा करते हैं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र भावनगर और आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों लोग हरिद्वार की यात्रा करते हैं। यह दुख की बात है कि एक भी ट्रेन आसपास के जिले से भी हरिद्वारा के लिए नहीं चलाई जाती।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि एक ट्रेन जो भावनगर में ऐसे ही पांच दिन तक रुकी रहती है, उसका यूज़ हो जायेगा और हजारों श्रृद्धालुओं को उससे सहूलियत भी मिल जायेगी। भावनगर डिवीजन ने यह प्रपोजल रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि जल्द से जल्द भावनगर से हरिद्वार के लिए ट्रेन शुरू की जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।